Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 21-04-2023 अंक 546

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस के स्वयंसेवकों ने चलाया नशा मुक्ति अभियान



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : शहर के बनवारी साहु महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन शुक्रवार को पोषक क्षेत्र बानपुर में नशा मुक्ति अभियान चलाया ।इस दौरान स्वयंसेवकों ने डोर टू डोर ग्रामीणों को नशा के दुष्प्रभावों से अवगत कराया और उन्हें नशा नहीं करने की सलाह दी ।मौके पर एनएसएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि नशा से न सिर्फ परिवार बल्कि समाज व राष्ट्र को भी क्षति होती है ।नशा से न सिर्फ पैसों की हानि होती है, बल्कि शरीर को भी नुकसान होता है ।मौके पर वार्ड पार्षद जीतेंद्र पाठक उर्फ बलि ,अनु कुमारी, आरती कुमारी, बसंती कुमारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### बिरनी में मिले कोरोना पोजेटिव मरीज

**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी प्रखण्ड में भी इन दिनों कोरोना पांव फैलाने लगी है। करीब एक साल के बाद बिरनी में बीते 17 अप्रैल से स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोरोना की जांच शुरू हुआ है । प्रखंड कार्यालय में भी कोरोना जांच किया जा रहा है। 19 अप्रैल को प्रखंड कार्यालय में कोरोना जांच के क्रम में प्रखंड के ही एक रोजगार सेवक का रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव मिला है। कोरोना पॉजिटिव एंटीजेन जांच में मिला है। उनका अरटीपीसीआर स्वब लिया गया है । स्वब जांच के लिए गिरिडीह भेजा गया है रोजगार सेवक में कोरोना पॉजिटिव मिलते ही रोजगार सेवक बिरनी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा वहां पर भी जांच कराया तो प०जिटिव नही निकला है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदीप तिर्की ने कोरोना पॉजिटिव मिलने की पुष्टि की है। जांच रिपोर्ट आने तक ही कुछ कहा जा सकता है। तब तक 15 दिनों तक होम कोरोनटांइन में रहने की सलाह दी गई है।

### प्रवासी मजदूर की आकस्मिक निधन की सूचना पाकर उनके अंतिम दर्शन को पहुंचे : जिप उपाध्यक्ष



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के चौधरी टोला, पेशम पंचायत, निवासी 35वर्षीय मुरली चौधरी जो उड़ीसा में रहकर ड्राइवर का काम करते थे! कार्य के दौरान संदिग्ध स्थिति में उनका आकस्मिक निधन हो गया!आज उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव लाया गया! सूचना पाकर गिरिडीह जिप उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि छोटे लाल यादव उनके पैतृक गांव पहुंचे पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किए तथा शोक संलिप्त परिवार को ढाढस बंधाया ।इस अवसर पर जिप उपाध्यक्ष के साथ मुखिया दिलीप दास, रंजीत राय,राजू विश्वकर्मा,विक्रम कुमार तरवे, पूर्व मुखिया कृष्ण मुरारी प्रसाद, नारायण यादव समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहें।

# पहले किया दुष्कर्म, फिर कर दी हत्या, पांच आरोपी गिरफ्तार

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत हुटाप पंचायत के हाका गांव में पिछले दिनों 15 अप्रैल को एक नाबालिग बच्ची की दुष्कर्म कर हत्या कर देने के मामले का जिला पुलिस ने खुलासा कर दिया है और इस मामले में संलिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस की जानकारी एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने एक प्रेसवार्ता कर दी । जानकारी देने हुए एसपी ने कहा कि हुटाप पंचायत के हाका गाँव में एक नाबालिग लड़की का शव उसके घर के पीछे खेत में बरामद हुआ था। जांच के क्रम में ज्ञात हुआ कि नाबा. लिग लड़की एक दिन पूर्व संध्या से ही गांव से गायब हुई थी नाबालिग लड़की का शव का निरीक्षण करने से प्रतीत हुआ कि नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने के पश्चात गला दबा कर उसकी हत्या कर उसके शव को उसके घर के पीछे खेत में रख दिया गया था। इस मामले में उसके पिता के बयान के आधार पर चन्दवा थाना में मामला दर्ज किया गया। इस मामले के जांच के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। गठित एसआईटी टीम के द्वारा इस मामले में संलिप्त सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है ।पूछताछ में आरोपियो के द्वारा बताया गया कि पीड़िता के घर के पास से ही इनलोगों के द्वारा उसे उठा लिया गया था और उसके घर के पीछे झाड़ियों में बारी बारी से बलात्कार किया गया एवं हत्या कर उसके शव को घर के पीछे रख दिया गया। बरामद सामान

1. घटनास्थल से खून लगा पत्ता
2. घटनास्थल से अभियुक्तों के द्वारा पीया गया गांजा का चिलम
3. घटनास्थल से अभियुक्तो के द्वारा पीया गया बिड़ी का रेपर
4. मोबाईल फोन 04
5. अभियुक्तो का पहना हुआ वस्त्र

गिरफ्तार अभियुक्तो का नाम एवं पता 1. कैलाश गंझू पे0 बा. लमोहन गंझू सा0- 0- कुम्भीया आटा थाना- चन्दवा जिला-लाते. हार 2. पप्पु लोहरा पे0 परमेश्वर लोहरा सा0-हाका, थाना-चन्दवा जिला- लातेहार 3. बाबु लोहरा उर्फ रिंकु पे0 अशोक लोहरा सा0-हाका, थाना-चन्दवा जिला - लातेहार 4. लालमोहन सिंह पे0 शिव मंगल सिंह, सा0- मंझलाडीह, थाना-चन्दवा जिला-लातेहार 5. दीपक मुण्डा प0 नन्हका मुण्डा, सा0-हाका, थाना-चन्दवा जिला-लातेहार छापामारी में लातेहार डीएसपी संतोष कुमार मिश्र, चंदवा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार प्रभारी विकास शर्मा, दिव्य प्रकाश जमील अंसारी, नारायण यादव, कुन्दन कुमार, धर्मेन्द्र कुमार महतो, दिवाकर धोबी, अरविन्द कुमार सिंह, सहित सैट 202 चंदवा, माल्हन पिकेट, नावाटोली पिकेट और सिकनी पिकेट के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई विष्णुगढ़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया। जिस सोच के साथ यह योजना धरातल पर उतारी गई थी उसमें यह निरर्थक साबित हो रही है। योजना के तहत बीते एक सालों से लाभुकों को पानी का एक बूंद नसीब नहीं हुआ है। इस भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। कुआं और बोरिंग का जलस्तर नीचे चले जाने से कई मुहल्लों में पानी की विकट समस्या हो गई है। लोग दूर से पानी ढ़ोकर लाने को विवश हैं। करीब सात करोड़ रूपए की लागत से विष्णुगढ़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना की अधिष्ठापन कराया गया था। इससे तीन पंचायत के करीब दो हजार घरों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य था। शुरूआत में लोगों को लगा था कि अब पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। लेकिन समस्या और विकाराल हो गई है। योजना के तहत खरना रोड़ के पडवा पोखर में जमुनियां नदी किनारे इंटक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के साथ 12 लाख लीटर क्षमता का जलमीनार बनाया गया है। जहां यह योजना अधिष्ठापित है वहां का जलस्तर काफी नीचे है। गरमी शुरू होते हीं जमुनियां नदी की धारा सूखकर पतली हो जाती है। जिससे इंटकवेल में पानी संग्रह नहीं हो पाता। इसके विकल्प में दो डीप बोरिंग भी कराया गया, लेकिन वह भी फेल हो गया।

गलत स्थल पर योजना का अधिष्ठापन होने से हो रही समस्या :

जलापूर्ति योजना के संबंध में लोगों का कहना है कि इसके अधिष्ठापन में विभाग की दूरगामी सोच नहीं थी। सरकारी पैसे की लूट खसोट की मंशा से इसके स्थल का चयन गलत जगह पर किया गया। जिस जगह पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगा है, वहां का भू-जलस्तर काफी नीचे है। जलमीनार को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पाता। जिसके कारण पाइपलाइन सूखी रह जाती है। आज आलम यह है कि तीन पंचायत के लोगों को इसका लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस योजना को लाया गया। लेकिन एक भी पंचायत को इससे पर्याप्त पानी नहीं मिल सका है। लोगों का कहना है कि योजना को विभागीय अधिकारी और संवेदक मिलकर दोनों हाथों से लूटे हैं। इसकी निष्पक्ष जांच के बाद संबंधित एजेंसी और विभागीय अभियंता पर कार्रवाई होनी चाहिए।

विष्णुगढ़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना अपने शुरुआती दिनों से ही बीमार है। ठेकेदार द्वारा काफी घटिया काम कराया गया है। बहरहाल इसे चालू कराने का प्रयास किया जा रहा है।

निर्मल कुमार चेडरा पंचायत मुखिया



योजना काफी जनोपयोगी थी। इसमें ठेकेदार और विभाग की मिलीभगत से जमकर लूटखसोट हुआ। जांच भी हुई पर ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं हुआ। आज आलम यह है कि लोग प्यासे हैं।

राणा इकबाल खान, ग्रामीण



सात करोड़ की लागत से तैयार की गई जलापूर्ति योजना पंचायत में मजाक बनकर रह गया है। योजना का स्थल चयन गलत जगह पर हो जाने से समस्या हो रही है।

रीना बर्मन, उपमुखिया चेडरा



दुर्भाग्य है कि पाइपलाइन के बावजूद भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों का ध्यान भी इस ओर नहीं है।

अनुज कुमार सिन्हा, ग्रामीण, बेड़ा हरियारा



इस योजना से पंचायत की जनता को काफी अपेक्षाएं थी। तीन पंचायत की संयुक्त योजना में एक हजार से अधिक घरों को गर्मी में नल से एक बूंद पानी नसीब नहीं है

राजेश ठाकुर, ग्रामीण, विष्णुगढ़




जनता की उम्मीदों पर जलापूर्ति योजना खरा नहीं उतर सकी। जनता अपने हाल में जीने को विवश है। घटिया काम की जांच कर एजेंसी पर कार्रवाई होनी चाहिए।

अनुराग बर्मन उपमुखिया विष्णुगढ़



योजना ठेकेदार के हित में किया गया है। जनता को कोई लाभ नहीं मिला। पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क को भी तोड़ दिया गया है, लेकिन पानी नहीं मिला।

रामचंद्र यादव, मुखिया, बेड़ा हरियारा



इस योजना से विष्णुगढ़ पंचायत के लोगों को पानी का एक बूंद नसीब नहीं हुआ है। योजना का लाभ सिर्फ ठेकेदार को मिला। आमलोग त्रस्त हैं।

प्रो ओमकारनाथ शर्मा, ग्रामीण

जलापूर्ति योजना हाथी का दांत साबित हुआ है। इससे कसेरा मु. हल्ला में कभी पानी पहुंचा ही नहीं। योजना में काफी तकनीकी खामियां हैं। इसकी जांच कर सुधार होनी चाहिए।

पिंकी कुमारी, पंसस, विष्णुगढ़ पंचायत




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चमेली झरना में युवक की डूबने से हुई मौत लीजधारक का लापरवाही का नतीजा : डॉ निजामुद्दीन

### बरही में कांग्रेस की ओर से प्रेस कांफ्रेंस का अयोजन, सभी खदानों की जांच की मांग





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

इचाक लोटवा डैम से सटे इचाक एवं पदमा थाना सीमा पर स्थित चमेली झरना में बने पत्थर खदान के गहरे पानी में डूबने से प्रिंस कुमार (उम्र करीब 18 वर्ष) पिता संजय मेहता की मौत के मामले में कांग्रेस पार्टी ने गहरी चिंता जताई है। इस संबंध में कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन ने बरही में प्रेस क०न्फ्रेंस कर घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और लीजधारक व पदाधिकारियों पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया । कहा कि यह वैध खदान था तो खदान मालिक एवं सरकार तथा पदाधिकारियों का दायित्व लोगों की जान माल की सुरक्षा करना था। खनन विभाग का कर्तव्य बनता है कि इसे बैरिकेट या ट्रेंच काटकर खदान में आने जाने का रास्ता बंद करना या चमेली खदान के मालिक वेरीकेट करें या पूरा भर कर समतल कर दे। आज लापरवाही के कारण युवक प्रिंस कुमार मौत के गाल में समा गया। इस संबंध में कांग्रेसियों ने उपायुक्त से खनन पदाधिकारी, लीज लेने वाले लोगों के ऊपर भी प्राथमिकी दर्ज करने का मांग किया है। साथ ही सरकार से मृतक के परिजन को 50 लाख का मुआवजा देने का मांग किया है। जिला प्रशासन से मांग किया है कि जांच कमिटी बनाकर इसकी उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए । कांग्रेसियों ने कार्रवाई नही होने पर पदाधिकारियों के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की चेतावनी दी । इसके अलावा चंदवारा के ढाब, बरही के चँदाबीघा, बरकट्ठा समेत सभी जगहों पर लीज धारकों को जिला प्रशासन सुरक्षा मानकों को लेकर निर्देशित करने की बात कही। मौके पर विस विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मंडल अध्यक्ष सिकंदर राणा, रघुवीर यादव उपस्थित रहें।

## सरकारी शराब दुकान में कार्यरत कर्मियों से अवैध राशि की मांग, पैसे नहीं देने पर कार्यमुक्त करने का दिया गया निर्देश

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : सदर प्रखण्ड में संचालित सरकारी देशी शराब दुकान में कार्यरत कर्मी न्याय की गुहार लगाने शुक्रवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव के दरबार में पहुंच गए।कर्मियों का कहना है कि जीडीएस कंपनी के जिला प्रभारी ने पैसे नहीं देने पर कार्य मुक्त करने की धमकी दी है। ज्ञात हो कि शहर के विभिन्न शराब दुकान में पहले से कार्यरत कर्मियों ने 50 हजार रुपए सिक्योरिटी मनी डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से दे चुके हैं। इसके बावजूद कर्मियों से इंचार्ज द्वारा 1 लाख और सहायक से 50 हजार की मांग की जा रही है। इस संबंध में कन्हाई प्रसाद,राहुल कुमार ,सुदेश कुमार, विनोद यादव, नागेंद्र प्रसाद, ओम प्रकाश गुप्ता, आयुष कुमार ने बताया कि जिस वक्त हमारी बहाली हुई थी उस समय 50,000 सिक्योरिटी मनी के रूप में लिया गया था। वहीं तीन साल तक सेवा देने की प्रावधान तय किया गया था। परंतु नियम के विपरीत शराब दुकानों का संचालन एक नई कंपनी को सौंप दिया गया। नई कंपनी के जिला कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार गुप्ता पूर्व कोऑर्डिनेटर रंजीत कुमार और उनके सहायक राकेश कुमार एवं दीपक कुमार के द्वारा पैसे लेने के लिए लगातार कर्मियों पर दबाव बनाया जा रहा है और ऐसा नहीं करने पर कार्य मुक्त करने का धमकी दी गई है। इन सभी कर्मियों ने उपायुक्त से मिलकर आवेदन किया है और न्याय की गुहार लगाई है।

## बरही : बार एसोसिएशन चुनाव की नामांकन प्रक्रिया पूरी, 29 को मतदान





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही अनुमंडल कोर्ट में बार एसोसिएशन का चुनाव प्रक्रिया चल रही है। शुक्रवार को नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हो गई। इस दौरान विभिन्न पदों के लिए तमाम वकीलों ने नामांकन पत्र दाखिल किया । साथ ही विभिन्न पदों के लिए यहां 29 अप्रैल को मतदान होंगे। वहीं इस चुनाव के लिए निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में सतशरण प्रसाद एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में कृ ष्णा प्रसाद चौधरी एवं गोविंद पंडित को नामित किया गया है। अध्यक्ष पद के लिए भरत भूषण एवं अर्जुन प्रसाद, जनरल सेक्रेटरी के लिए राजकुमार प्रसाद एवं राजीव प्रसाद गुप्ता, ज्वाइंट सेक्रेटरी के लिए रामचंद्र साव एवं मणिलाल चौधरी ने नामांकन करवाया है। साथ ही उपाध्यक्ष के रूप में उदय कुमार सिन्हा, ट्रेजर राधे लाल चौधरी एवं एक्जीक्यूटिव मेंबर के लिए रामकृत सिंह, रामचंद्र चौधरी, सुजीत कुमार, बैजनाथ प्रसाद, सुशील कुमार सिंह, एवं राजेश चौधरी निर्विरोध निर्वाचित हुए है। वहीं निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया की 29 अप्रैल को बार एसोसिएशन को होने वाली मतदान निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से होगी।

## स्मार्ट चौंप प्ले स्कूल में रमजान पर आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का अयोजन,बच्चो के बीच सेवई वितरण

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे पुरस्कृत, मुखिया हुई शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बच्चो के द्वारा बनाया गया आर्ट एंड कार्फ़्ट

पटना रोड बरही में संचालित स्मार्ट चौंप प्ले स्कूल में माहे रमजान के पावन अवसर पर ईद पर्व का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोनरा पंचायत के मुखिया यास्मीन तबस्सुम एवं मुखिया प्रति. निधि मोहम्मद ताजुद्दीन मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा नृत्य गीत संगीत के साथ हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई गई । मौके पर स्मार्ट चौंप प्ले स्कूल के प्रिंसिपल स्नेहा कुमारी ने बताया की रमजान एक पवित्र त्यौहार है । जिसमें सभी धर्म के लोग आपसी भाईचारे के साथ ईद का पावन पर्व मनाते हैं। मौके पर सभी बच्चों को रमजान एवं ईद का मुबारक बाद देते हुए मुखिया यास्मीन तबस्सुम ने कहा की ईद के पावन अवसर पर बच्चों के द्वारा बनाया गया आर्ट एंड क्राफ्ट काफी सुंदर एवं आकर्षक है जो उनके प्रतिभा को दर्शाता है। मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद ताजुद्दीन ने कहा कि स्मार्ट चौंप प्ले स्कूल के बच्चे माहे रमजान के पावन अवसर पर जिस तरह खुशियों का इजहार किया। वह सचमुच काबिले तारीफ है। बच्चों ने ईद के प्रतीक चांद और तारे से संबंधित कई आर्ट एंड क्राफ्ट भी बनाए । इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर कृषु सिंह, दूसरे स्थान पर सिद्धांत गुप्ता और तीसरे स्थान पर अंशित कुमार का आर्ट एंड क्राफ्ट चयनित हुआ। सभी बच्चों को सेवई खिलाया गया। मौके पर शारदा केशरी, पिंकी गुप्ता, जूही कुमारी, पूजा केशरी, सेजल केशरी, अमीषा, केशरी, श्रुति केशरी, इंदु गुप्ता, उषा गुप्ता, ममता देवी और आशा देवी मौजूद रहे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय वंदना गीत प्रशिक्षण का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सभागार में शुक्रवार को संकुल स्तरीय वंदना गीत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। संकुल स्तरीय वंदना सह गीत प्रशिक्षण का कार्यक्रम संपन्न हुआ ।कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी और बालूमाथ विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीकांत के द्वारा मां सरस्वती , ॐ , भारत माता के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं संस्कृत वंदना के साथ शुरू हुआ ।कार्यक्रम में कक्षा पंचम से अष्टम के भैया/ बहनों ने भाग लिया ।इस प्रशिक्षण में संपूर्ण वंदना का अभ्यास करवाया गया ।कार्यक्रम में संकुल स्तर से सभी 4 विद्यालयों(लातेहार, बरियातू, स्टेशन, बालूमाथ)के भैया/ बहनों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कर्ता के रूप में स्थानीय विद्यालय की दीदी रेनू गुप्ता एवं शिल्पा पाठक रही ।कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से 36 भैया /बहनों ने भाग लिया।अंतिम सत्र में धन्यवाद ज्ञापन स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा किया गया ।इस कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय की अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी , शिल्पा पाठक , रेनू गुप्ता बालूमाथ विद्यालय से किरण देवी , वीणा देवी, स्टेशन विद्यालय से श्यामली रॉय, बालूमाथ विद्यालय से अनिता देवी उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में साकिब रहे प्रथम

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : जिले के वर्ग तीन के छात्र साकिब अंसारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय घुटाम बालूमाथ एवम वर्ग पांच की छात्रा बुसरा मध्य विद्यालय करकट लातेहार ने राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रौशन किया है।राज्य स्तरीय दो दिवसीय प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों के 48 बच्चो ने भाग लिया और अंतिम परिणाम में छः विद्यार्थी आगामी 28 अप्रैल को मुंबई में अन्य राज्यो के विजेता प्रतिभागी के साथ खेलने जायेंगे।लातेहार जिले से वर्ग तीन में साकिब अंसारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मुंबई के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।इन दोनो की कामयाबी पर जिले के सभी शिक्षको ने हर्ष व्यक्त किया है। साकिब के पिता मेहराब आलम माता मेहरा खातून बहन समरीन फा. तिमा विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पाठक एवम बुसरा के पिता इरफान माता नुरजहा प्रधानाध्यापक मोहन प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, सुचिता मिंज, मीना देवी, ज्ञान प्रभा मिंज, सईदा बीबी, मंजू देवी आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।ज्ञात हो झारखंड शिक्षा परियोजना के सभागार में एसपीडी। किरण कुमारी पासी के द्वारा सभी विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया।इस अवसर पर पदाधिकारी समेत विभिन्न जिलों के शिक्षक बच्चो के परिजन आदि उपस्थित थे।

## बी डी ओ ने आवास योजना मे गति के लाने लिए लगाया ग्राम चौपाल

### आवास योजना में अग्रिम राशि लेकर कार्य नहीं प्रारम्भ करने वालो पर होगी कार्रवाई : हुलास





**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : कहते हैं कि यदि कुछ लगन से करने की दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कहीं भी और किसी तरह से भी काम किया जा सकता है।ऐसा ही वर्तमान में कान्हाचट्टी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो कर रहे हैं।बी डी ओ श्री महतो ने आवास योजना को शतप्रतिशत पूर्ण कराने को लेकर लगातार प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में अभियान चला रहे हैं और निरीक्षण कर रहे हैं।इसी अभियान और निरीक्षण के क्रम में शुक्रवार को राजपुर पंचायत के विभिन्न गांवों में सुबह सुबह जा कर प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को वे कह रहे हैं कि जिनका जिनका आवास योजना के लाभ मिलल हो और जल्दी जल्दी काम नाइ करबा तो तोहनी पर केश हो जेतो।उन्होंने आगे लाभुकों को समझाया कि जदी जल्दी जल्दी आवास के काम नाइ करबा तो सरकार जे लाभ देवो हो उ सब बंद हो जेतो।बी डी ओ के इस तरह स्थानीय महिलाओं के साथ खोरठा भाषा से महिलाएं भी प्रभावित हो रहे है और बी डी ओ के सामने जल्दी आवास पूर्ण करने की सहमति दी।शुक्रवार को राजपुर पंचायत के विभिन्न गांवों में सुबह सुबह जा कर आवास के लाभुकों के साथ ग्राम चौपाल कर आवास का कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।इधर दूसरी तरफ प्रखण्ड कार्यालय कब सभा कक्ष में पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवकों के साथ मनरेगा और आवास योजना से सम्बंधित कार्यो की समीक्षा की।जिसमे सभी पंचायत सचिवों को बी डी ओ ने निर्देश दिया कि जिस पंचायत में आवास का कार्य नहीं होगा वहां के सचिव पर कार्रवाई करेंगे।वहीं मनरेगा योजना में काम करने वाले मजदूरों का मजदूर ससमय भुगतान का निर्देश दिया।मौके पर बी पी ओ नीरज पासवान, आवास योजना के प्रखण्ड कोडिनेटर प्रतिमा कुमारी,विजय चौबे,सत्येन्द्र वर्मा,मनोज कुमार सिंह, सहित सभी कर्मी मौजूद थे

## स्मार्ट चौंप प्ले स्कूल में रमजान पर आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का अयोजन,बच्चो के बीच सेवई वितरण

### बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे पुरस्कृत, मुखिया हुई शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बच्चो के द्वारा बनाया गया आर्ट एंड कार्फ़्ट

पटना रोड बरही में संचालित स्मार्ट चौंप प्ले स्कूल में माहे रमजान के पावन अवसर पर ईद पर्व का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोनरा पंचायत के मुखिया यास्मीन तबस्सुम एवं मुखिया प्रति. निधि मोहम्मद ताजुद्दीन मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा नृत्य गीत संगीत के साथ हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई गई । मौके पर स्मार्ट चौंप प्ले स्कूल के प्रिंसिपल स्नेहा कुमारी ने बताया की रमजान एक पवित्र त्यौहार है । जिसमें सभी धर्म के लोग आपसी भाईचारे के साथ ईद का पावन पर्व मनाते हैं। मौके पर सभी बच्चों को रमजान एवं ईद का मुबारक बाद देते हुए मुखिया यास्मीन तबस्सुम ने कहा की ईद के पावन अवसर पर बच्चों के द्वारा बनाया गया आर्ट एंड क्राफ्ट काफी सुंदर एवं आकर्षक है जो उनके प्रतिभा को दर्शाता है। मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद ताजुद्दीन ने कहा कि स्मार्ट चौंप प्ले स्कूल के बच्चे माहे रमजान के पावन अवसर पर जिस तरह खुशियों का इजहार किया। वह सचमुच काबिले तारीफ है। बच्चों ने ईद के प्रतीक चांद और तारे से संबंधित कई आर्ट एंड क्राफ्ट भी बनाए । इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर कृषु सिंह, दूसरे स्थान पर सिद्धांत गुप्ता और तीसरे स्थान पर अंशित कुमार का आर्ट एंड क्राफ्ट चयनित हुआ। सभी बच्चों को सेवई खिलाया गया। मौके पर शारदा केशरी, पिंकी गुप्ता, जूही कुमारी, पूजा केशरी, सेजल केशरी, अमीषा, केशरी, श्रुति केशरी, इंदु गुप्ता, उषा गुप्ता, ममता देवी और आशा देवी मौजूद रहे।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## पूर्व विधायक ने जगदीशपुर में किया जागरण का उदघाटन

### जो बुरे से अच्छा बनता है वही इतिहास बनाता है : मनोज यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



जगदीशपुर में आयोजित श्री श्री 1008 माँ भगवती सह हनुमंत महायज्ञ के अंतिम संध्या आयोजित जागरण मंच का उदघाटन बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। इससे पूर्व यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामव्यास यादव, सचिव रामाधीन तुरी, कोषाध्यक्ष विजय यादव, संरक्षक बैजनाथ ठाकुर आदि ने अतिथियो का स्वागत अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। धनबाद से चलकर आये कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुति व जीवंत झांकियों से श्रद्धालुओं को खूब झुमाया। यज्ञ समिति के आग्रह पर पूर्व विधायक ने भक्ति भजन गाकर श्रद्धालुओं को मनोरंजित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पुर्व विधायक ने कहा कि माता को सच्चे मन से आराधना करने पर सबकी सुनते है। माता बहुत की दयालु व कृपालु होती है, जगदीशपुर के ग्रामीणों पर माता का आशीर्वाद सदैव बनी रहे यही कामना करते है। कहा भगवान बुरे लोगों को सदबुद्धि दे। इतिहास गवाह है जो भी व्यक्ती बुरे से अच्छा बने है उन्होंने इतिहास बनाया है। प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा ने कहा कि यज्ञ आयोजन से पूरे इलाके में भक्ति का माहौल है। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि परमेश्वर साहू, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चनद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, समिति सदस्य युगल ठाकुर, समाजसेवी रामचन्द्र सिंह, रामविलाश चनद्रवंशी, प्रभु चनद्रवंशी, छोटू चनद्रवंशी, जगदीश यादव, डॉ० बीके यादव, पत्रकार शशि शेखर, रोहित जैन, आयोजन समिति महेंद्र रवीदास, सकलदेव यादव, सनोज यादव, भीम तुरी, विकास यादव, रंजीत यादव, आदि उपस्थित रहे।

## नई शिक्षा नीति को लागू करने तथा नेट में उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त करने के लिए अंतर महाविद्यालय सहयोग आवश्यक : डॉ. सांता जोसेफ

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ के प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस के नेतृत्व में प्रोफेसरों और विद्यार्थियों के एक टीम ने होली क्र०स महिला महाविद्यालय, अंबिकापुर का दौरा किया। इस दौरान होली क्रॉस की प्राचार्य डॉ सांता जोसेफ और फादर एम के जोस के उपस्थिति में दोनों महाविद्यालय ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया साथ ही भविष्य में भी आपसी सहयोग और विचार आदान–प्रदान करने पर सहमति जताई। प्राचार्य सांता जोसेफ ने संत जेवियर्स महाविद्यालय के रिसर्च सेल का मार्गदर्शन करने पर भी सहमति जता. ई।इस दौरान संत जेवियर्स महाविद्यालय के आईक्यूएसी के संयोजिका सिस्टर कैसलिन जुलियट ने अपने महाविद्यालय के एसएसआर रिपोर्ट की रूपरेखा प्रस्तुत की। एसएसआर के त्रुटियों और सुधार के विषय पर होली क्रॉस महाविद्यालय के विशेषज्ञों ने सलाह भी दिया। इस दौरान फैकल्टी डेवलपमेंट और स्टूडेंट्स डेवलपमेंट कार्यकर्म का भी अयोजन किया गया। दोनों महाविद्यालय के प्रोफेसरों ने नई शिक्षा नीति को लागू करने में आने वाली चुनौतियों तथा संभावनाओं पर भी चर्चा की ओर आपसी सहयोग करने का आश्वासन दिया। अंत में फादर डॉ एम के जोस ने होली क्र०स महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी प्राध्यापको और शिक्षकेत्तर कर्मचारीयों का आभार व्यक्त किया।




## वेक्टर क्लासेस में 11वीं और सीयूईटी एग्जाम बैच 24 अप्रैल से प्रारंभ

### लगातार पलायन हो रहे है छात्रों के लिए मेडिकल और आईआईटी का विशेष कक्षा दी जाएगी : दीपक गुप्ता

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग के मटवारी में आईसीआईसीआई बैंक के कैंपस और बरही में स्थित वेक्टर क्लासेस में 11वीं इंटर विज्ञान की पहली बैच 24 अप्रैल से प्रारंभ किया जा रहा है। इस बात की जानकारी देते हुए वेक्टर क्लासेस के निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि बीते 9 वर्ष से इस संस्थान बेहतर शिक्षकों के टीम के मेहनत से सभी छात्र–छात्राएं एक बेहतर रिजल्ट प्राप्त कर संस्थान को गौरवान्वित कर रहे है। साथ ही कहा कि पलायन हो रहे है छात्रों के लिए मेडिकल और आईआईटी का विशेष कक्षा 28 अप्रैल से दी जाएगी जिससे भारी संख्या में पलायन रूकेगी। संस्थान में लंबे अनुभवी शिक्षक इंजीनियर, देश के बड़े संस्थानों के शिक्षकों के द्वारा छात्रों को बेहतर सेवा निरंतर तत्पर है। छात्रों के लिए साप्ताहिक सभी विषयों पर जैक एंव सीबीएसई पर आधारित टेस्ट, छात्रों के बीच ग्रुप में चर्चा, डाउट क्लासेस, सीबीएसई और आईसीईएससी बोर्ड की विशेष कक्षा, मोटिवेटिशन क्लासेस दी जाएगी। वही फाउंडेशन कोर्स के तौर पर सीबीएसई छात्रों के लिए नए पैटर्न पर अधारित वर्ग 6 से 10 तक विशेष कक्षा जारी है। गरीब और माध्यम वर्ग के छात्रों को निशुल्क नामांकन किया जा रहा हैं।

## बुद्धिजीवी मंच ने किया बरही में एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव की मांग

### पेंशनर कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच की बैठक, पेंशनर समस्या, कोरोना एवं ट्रेन ठहराव की चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड पेंशनर कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच बरही अनुमंडल इकाई की बैठक प्रखंड परिसर स्थित मंच कार्यालय में शुक्रवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष ईशो सिंह एवं संचालन सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने किया । बैठक में वंदे भारत ट्रेन एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव बरही में होने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सचिव अध्यक्ष ईशो सिंह के द्वारा बताया गया की सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वंदे भारत एवं इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन बरही होते हुए रांची से पटना एवं रांची से गिरिडीह होना है । लेकिन दोनों ट्रेनों का ठहराव बरही रेलवे स्टेशन पर नहीं होने की बार कही जा रही है। जिसके कारण आम लोगों को काफी परेशानी होगी। उन्होंने बताया कि ट्रेनों के ठहराव को लेकर बरही झारखंड पेंशनर कल्याण समाज बरही रेलवे स्टेशन पर धरना दे चुका है । साथ ही एक ज्ञापन भी रेलवे प्रबंधन को सौंप चुका है । ताकि ट्रेनों का ठहराव बरही में हो । यदि ऐसा नहीं होता है तो आंदोलन की अगली रणनीति भी तैयार की जाएगी सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने कहा कि वर्ष 2016 के बाद सेवानिवृत्त होने वाले जिन पेंशनरों को संशोधित पेंशन नहीं मिल रहा है, उन्हें अभिलंब संशोधित पेंशन मिले । इसके लिए महा अभिलेखागार से आग्रह किया गया है। मौके पर कोरोना की बढ़ती केसेज पर चिंता जताते हुए सावधानी बरतने पर चर्चा की गई। मौके पर ईशो सिंह, महेंद्र प्रसाद दुबे, घमन यादव, नकूलदेव राणा, कृष्णा केशरी, कैलाशपति सिंह,कामता प्रसाद सिंह,जानकी ठाकुर, सरयू राम, लक्ष्मण प्रसाद, हीरालाल प्रसाद,रामप्रसाद राम, श्रीकांत पांडेय ,साधुशरण दास सहित कई लोग मौजूद थे।



दिनांक: 21-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## जिप सदस्य कुमकुम ने अंचल मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया

**अपेम लाइव : बरकटठा्**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड व अंचल मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा सह जीप सदस्य कुमकुम देवी ने अपने समर्थकों के साथ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया उन्होंने कहा कि बरकट्ठा प्रखण्ड व अंचल कार्यालय में आय, जाति, आवासीय व दाखिल खारिज जैसे कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता है जिसके कारण आम नागरिक व छात्र छात्राओं को भारी परेशानी होती है ग्रामीण तथा छात्र छात्राओं के द्वारा लगातार मेरे पास शिकायत आई जिसके कारण आज मजबूरन मुझे धरना पर बैठना पड़ा उन्होंने कहा अधिकारी कर्मचारी अपना रवैया बदले अन्यथा पुरजोर आंदोलन किया जायेगा धरना प्रदर्शन 12 बजे से लेकर 4:00 बजे तक आयोजित किया गया तथा नारेबाजी कर अपनी मांगों को रखा। कार्यक्रम में जिप सदस्य ने कहा आए दिन गरीब लोगों को प्रखंड मुख्यालय का चक्कर पर चक्कर लगाना पड़ता है किंतु उनका काम नहीं होता। वही छात्र-छात्राओं को परीक्षा फ०र्म भरने में भी काफी परेशानियां हो रही है, क्योंकि उनका आय जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। इन सभी समस्याओं को लेकर आज हम सभी एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। यदि हम लोगों की मांगे पूरी नहीं हुई तो मजबूरन हम लोग हजारीबाग मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसके बाद राजधानी रांची में भी धरना प्रदर्शन कर बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करेंगे।मौके पर रेणु देवी,काजल कुमारी,रीना कुमारी, मो विमला देवी,चिंता देवी,फुलवा देवी,रिंकी देवी,पंसस प्रति. निधि राजकुमार गिरी रंजन कुमार,मनोज कुमार,रवि कुमार,सरजू प्रसाद,मनी व्यास,सतीश चौधरी दिलीप कुमार, पंकज कुमार,लक्ष्मण प्रसाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अंतर जिला अंडर 16 के लीग के अंतिम मैच में लातेहार गढ़वा को हरा पहुंचा सुपर लीग में

### लातेहार के आदर्श विशाल बने मैन ऑफ द मैच

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : अंतर जिला अंडर 16 के चल रहे टूर्नामेंट के छठा व अंतिम मैच में लातेहार ने गढ़वा को 6 विकेट से हराकर सुपर लीग में प्रवेश किया । जहां गढ़वा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 31ओवर में अपने सभी विकेट खोकर महज 101रन ही बना पाई । जिसमे अंकित राज 25, मानशदिप 14,तरुण गौरव 13 तथा अमन राज चौहान ने 12रन का योगदान दिया । लातेहार की ओर से उज्ज्वल कुमार सिंह 8 ओवरों में 24 रन देकर 4, राजीव उरांव 6 ओवर में 14 रन देकर 3 , आनंद कुमार 5 ओवर में 12 रन देकर 2 तथा आदर्श विशाल ने 1 विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी लातेहार ने 16 ओवर में 4 विकेट खोकर 103 बनाकर मैच को जीत ही नही लिया बल्कि सुपर लीग में प्रवेश किया । लातेहार की ओर से आदर्श विशाल नाबाद 52 गेंद में 75 , तथा अभिषेक अंजन ने 9 रन का योगदान दिया ।गढ़वा की ओर से अभिषेक कुमार दुबे 2, अंकित राज तथा यश राज एक एक विकेट चटकाए । मैन ऑफ द मैच लातेहार के आदर्श विशाल को संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह के द्वारा पुरस्कार दिया गया । मैच पर्यवेक्षक सब्बीर, अंपायर अजय पाठक तथा अमित हाजरा थे । जबकि स्कोरर दीपक सेठी थे । मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह , उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद, संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार, कमिटी सदस्य नीरज कुमार सिंह , लाल आशीष नाथ सहदेव , दिलीप कुमार प्रसाद, अश्विनी सिंह , श्रवण महली समेत कई खिलाड़ी तथा दर्शक उपस्थित थे ।

## 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति चौपारण की बैठक में विभिन्न विभागों की हुई समीक्षा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति चौपारण की बैठक अध्यक्ष नंदकिशोर यादव की अध्यक्षता में चौपारण प्रखण्ड सभागार में आयोजित की गई। बैठक में चौपारण विभाग अंतर्गत सभी विभागों की समीक्षा की गई। मुख्यतः बढ़ती गर्मी को देखते हुए चापाकलों / जलमीनारों की मरम्मति से संबंधित मुद्दे छाये रहे। अध्यक्ष महोदय द्वारा कनीय अभियंता को सभी खराब चापाकलों की मरम्मति जल्द से जल्द कराते हुए सूची समर्पित करने का आदेश दिये साथ ही एसआर में डालें गये सभी 52 चापाकलों की सूची भी उपलब्ध कराने का निदेश दिये। विद्युत विभाग से उपस्थित कनीय अभियंता को भी सभी बिजली तारों की मरम्मति करने से संबंधित आदेश दिया गया। उपस्थित सभी विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभाग से क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के प्रगति के बारे में 20 सूत्री समिति के सदस्यों को अवगत कराया। स्वास्थ्य विभाग से उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कृमि मुक्ति अभियान के बारे में बताया साथ ही उपस्थित समिति के सदस्यों एवं सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि क्षय रोग उन्मुलन हेतु मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें मरीजों को गोद लेकर पोषक खाद्य पैकेट दिया जाता है। इस बैठक में अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपाध्यक्ष विकास यादव सदस्य बिरेन्द्र राणा, लव कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह,राधेश्याम सिंह सहित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रेमचंद कुमार सिन्हा, प्रखण्ड आपूर्ति पदा॰ कारू राम, प्रखण्ड कार्यक्रम पदा. धिकारी मनरेगा, कनीय अभियंता पेयजल स्वच्छता, 15वें वित्त, विद्युत सहायक अभियंता मनरेगा. प्रखण्ड पशुपालन पदा आदि उपस्थित रहे।

**ग्रीन राशन कार्ड का बकाया राशन मिलना शुरू : बीडीओ**

सभी ग्रीन राशन कार्डधारी लाभुकों को सूचित किया गया है कि माह नवंबर 2022 से बकाया राशन आना शुरू हो गया है और लाभुकों को वितरण हेतु डीलरों को प्रथम नवंबर 2022 का राशन भेजा जा रहा है। दिसंबर, जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल और मई का भी चावल मई माह तक डीलर तक पहुँच जाने की संभावना है जैसा कि विभाग द्वारा सूचित किया गया है।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर चलाया जाएगा नाइट ब्लड सर्वे अभियान

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर विष्णुगढ़ प्रखंड के प्रभावित क्षेत्रों में नाइट ब्लड सर्वे अभियान चलाकर लोगों के रक्त का सैंपल लिया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को चेडरा पंचायत भवन में स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया निर्मल कुमार ने की। इसमें रमुवां, विष्णुगढ़ तथा चेडरा पंचायत के स्वास्थ्य सहिया, पंचायत जनप्रतिनिधि, सहिया साथी आदि शामिल हुए। जानक. ारी देते हुए मलेरिया निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा ने बताया कि स्वास्थ्य उपकेन्द्र विष्णुगढ़ के ग्राम चेडरा में 26 तथा 27 अप्रैल तथा बनासो स्वास्थ्य उपकेन्द्र के ग्राम नवादा में 24 तथा 25 अप्रैल को नाइट ब्लड सर्वे अभियान चलाकर लोगों के रक्त का सैंपल लिया जाएगा। इस सैंपल के स्लाइड को फाइलेरिया जांच के लिए भेजा जाएगा। कहा कि फाइलेरिया होने से हाथी पांव की समस्या होती है। उचित समय पर इसका इलाज नहीं होने से समस्या और विकराल होती जाती है। इसके शुरूआती लक्षण पाए जाने पर उपचार से इसे रोका जा सकता है। बैठक के दौरान मुखिया ने विश्व मलेरिया दिवस में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। मौके पर विष्णुगढ़ उपमुखिया अनुराग बर्मन, बेड़ा हरियारा उपमुखिया राहुल गुप्ता, अनुप कुमार, सुधीर प्रसाद कसेरा, वार्ड सदस्य किरण देवी, पिंकी सिन्हा, सहिया सुनीता देवी, ललिता देवी, एमपीडब्लू प्रवीण कुमार आदि मौजूद थे।

## भाजपाइयो ने सांसद जयंत सिन्हा का मनाया 60 वां जन्म दिन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण : पश्चिमी मंडल के कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय के आवास सह संसदीय कार्यालय चौपारण में सांसद जयंत सिन्हा के साठ्वें जन्मदिवस केक काट कर शुक्रवार को मनाया गया। जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय के नेतृत्व में बारी-बारी से कार्यकर्ताओं ने सांसद को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए केक काट कर उनके फोटो को खिला कर एक नई परंपरा शुरू किया है। इस अवसर पर केक और मिठाई वितरण कर लोगों ने खुशी जताई। रिकार्ड वोट से जीत कर लोकसभा पहुंचे सांसद के मधुर व्यवहार, विकास कार्य में सदैव तत्पर, मृदुभाषी और अनेक उपलब्धियां हासिल कर संसद का उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार से सम्मा. नित सांसद क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव, रामाधीन पांडेय, मनीष सिन्हा, लक्ष्मण साव, सत्येन्द्र सिंह, सियाराम सिंह, संजय सिन्हा, उत्तम गंझू, देव कुमार दांगी, श्यामाकांत सहाय, रंजित सिंह, भुनेश्वर रविदास सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंचायती राज दिवस के अवसर पर स्वच्छ पंचायत बनाने की शपथ

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस को लेकर बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार एवं संचालन सुपरवाइजर पूजा र०य ने किया। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पंचायत को स्वच्छ बनाने को लेकर शपथ ली। पंचायत को स्वच्छ व हरा भरा बनाने एवं जागरूकता लाने के लिए लंगातू प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का प्रभात फेरी निकाली गई। पंचायती राज दिवस के अवसर पर 21 अप्रैल से लेकर 24 अप्रैल तक पंचायत में स्वच्छ, स्वास्थ, महिला बाल विकास, पंचायत की योजना एवं हिसाब, हरा, जल की प्रचुरता, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सूशासित ग्राम पंचायत, सबका हाथ जुड़ता जाए एवं पंचायत को आगे बढ़ाते जाएं आदि कार्यक्रम किया जाना है। मौके पर मुख्य रूप से मुख्य संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, सुपरवाइजर पूजा र०य, तरुण शर्मा, उप मुखिया सत्यदेव कुमार, बुधन तूरी, अभिमन्यु चौधरी, सुरेंद्र कुमार, शशी तूरी, पुष्पा कुमारी, ममता कुमारी, किशोर कुमार मेहता, सहिया सुनीता देवी, लक्ष्मी देवी, कुंती देवी, संगीता कुमारी, निर्मला देवी, रूपाली देवी, मीना देवी, यशोदा देवी और प्रमिला देवी के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।